# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 287 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 23 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## बार काउंसिल चुनाव में चार जगह मतदान निरस्त, फर्जी वोटिंग व अनियमितताओं से हंगामा





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश की सबसे बड़ी वकील संस्था बार काउंसिल ऑफ राजस्थान (BCR) के चुनाव बुधवार को आयोजित हुए, लेकिन चार प्रमुख पोलिंग बूथ पर फर्जी वोटिंग और अनियमितताओं के चलते मतदान निरस्त करना पड़ा। इस घटनाक्रम ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं संबंधित केंद्रों पर अब दोबारा मतदान कराया जाएगा।

बीसीआर के नोडल अधिकारी राघवेन्द्र काछवाल के अनुसार हाईकोर्ट पोलिंग बूथ, जयपुर सेशन कोर्ट, जोधपुर सेशन कोर्ट और श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर पोलिंग बूथ पर चुनाव रद्द किए गए हैं। जयपुर के हाईकोर्ट बूथ पर फर्जी मतदान को लेकर भारी हंगामा हुआ, जिसके बाद यहां मतदान निरस्त कर दिया गया। यह राज्य का सबसे बड़ा पोलिंग बूथ है, जहां 14,781 अधिवक्ता मतदाता पंजीकृत हैं।

हाईकोर्ट बूथ पर मतदान करीब 50 मिनट देरी से शुरू हुआ था, जहां 94 वर्षीय रिटायर्ड जस्टिस विजय शंकर दवे ने पहला वोट डाला। वहीं जयपुर सेशन कोर्ट में भी अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद मतदान रोक दिया गया।

जोधपुर में बैलेट पेपर खत्म होने के कारण हेरिटेज परिसर में बने चारों बूथों पर मतदान स्थगित करना पड़ा। वहीं श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर को लेकर विवाद हुआ, जिसके चलते मतदान रोककर पोलिंग बूथ को सील कर दिया गया।

करीब आठ वर्ष बाद हो रहे इन चुनावों में 23 पदों के लिए 234 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रदेशभर में 258 पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जहां 84,247 अधिवक्ता मतदाता पंजीकृत हैं। इस बार चुनाव सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति की निगरानी में कराया गया।

विशेष बात यह रही कि पहली बार महिला अधिवक्ताओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। 23 में से 5 पदों पर महिलाओं का चयन होगा, जबकि 2 पदों पर महिला अधिवक्ताओं को सह-नामित किया जाएगा। इस तरह 25 सदस्यीय परिषद में पहली बार 7 महिला सदस्य शामिल होंगी। यही कारण है कि इस बार 57 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मतदान के बाद सभी मतपेटियां जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पास जमा करवाई गई हैं, जिन्हें पुलिस सुरक्षा में जोधपुर भेजा जाएगा। मतगणना 29 अप्रैल से शुरू होगी।

## रिटायर्ड शिक्षक के घर हुई नकबजनी का खुलासा, 45 लाख के जेवर बरामद

### 5 आरोपी गिरफ्तार, मुख्य दो शातिर चोर भी पकड़े



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

थाना क्षेत्र में रिटायर्ड शिक्षक के घर हुई बड़ी नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए करीब 45 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। मामले में मुख्य दो आरोपियों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस और जिला विशेष टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस वारदात का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने बताया की बीती 11 फरवरी को ग्राम गेंहुली निवासी 91 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक रायमल त्रिपाठी ने रिपोर्ट दी थी कि उनके घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी वृद्ध और अपंग व्यक्ति की स्थिति का फायदा उठाकर रात के समय छत के रास्ते घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

मुख्य आरोपियों से बरामद हुआ पूरा माल

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने मुख्य आरोपी शिवलाल उर्फ शिवराज गुर्जर और शंकरलाल गुर्जर के कब्जे से 162.5 ग्राम सोने के जेवर और 7.969 किलोग्राम चांदी के जेवर बरामद किए, जिनकी कुल कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है।

जांच में सामने आया कि चोरी का माल छुपाने और वारदात में सहयोग करने में आरोपी शिवलाल के पिता नाथूलाल गुर्जर, मां बाली देवी और पत्नी लीलादेवी भी शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में अन्य वारदातों से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## मिशन जनगणना 2027: फील्ड ट्रेनर्स बनेंगे 'मोटिवेटर', स्कूलों से चलेगा जागरूकता अभियान

### कलेक्टर संधू बोले स्व-गणना को जन-आंदोलन बनाने में निभाएं अहम भूमिका

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जनगणना 2027 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) को जनगणना प्रक्रिया का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से स्व-गणना प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और समय बचाने वाली है, जिससे आम नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ इसे संपन्न करें, ताकि प्रगणक और सुपरवाइजर फील्ड में पूरी दक्षता के साथ कार्य कर सकें।

संधू ने स्पष्ट किया कि फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे इस अभियान के प्रमुख 'मोटिवेटर' भी हैं। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाते हुए लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए उन्होंने सभी ट्रेनर्स को सरकारी एवं निजी स्कूलों से संपर्क स्थापित करने, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रक्रिया से अवगत कराने तथा विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवारों तक संदेश पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्कूल इस अभियान के लिए सबसे प्रभावी माध्यम हैं, क्योंकि विद्यार्थियों के जरिए जागरूकता तेजी से फैलती है। साथ ही ट्रेनर्स को अपने आसपास के समुदाय, परिचितों और स्थानीय नागरिकों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करने को कहा गया।




जिला कलेक्टर ने फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों जैसे तकनीकी जानकारी का अभाव, जागरूकता की कमी और लोगों की उदासीनता से निपटने के लिए सकारात्मक संवाद, उदाहरण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए कहा कि यह विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीतिगत निर्णयों का आधार है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने सभी ट्रेनर्स से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए स्व-गणना को जन-आंदोलन का रूप देने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## सूदखोरी के मामले में दो ब्याज माफिया गिरफ्तार

### 2 लाख के बदले 3.95 लाख वसूले, फिर भी धमकाकर कर रहे थे वसूली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के कोटड़ी थाना पुलिस ने सूदखोरी और प्रताड़ना के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने 2 लाख रुपए उधार देने के बाद 3.95 लाख रुपए वसूलने के बावजूद भी पीड़ित को धमकाकर और अधिक रकम की मांग जारी रखी।

पुलिस के अनुसार धायलों का खेड़ा निवासी पीड़ित ने करीब 5-6 वर्ष पूर्व आरोपी आशाराम तेली से 2 लाख रुपए उधार लिए थे। इसके एवज में आरोपियों ने उससे एचडीएफसी बैंक के 7 खाली चेक और स्टाम्प सिक्योरिटी के रूप में ले लिए। बाद में आरोपियों ने ब्याज पर ब्याज और पेनल्टी लगाकर अत्यधिक राशि की मांग शुरू कर दी।

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पीड़ित के खाली चेक का दुरुपयोग करते हुए 3.90 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इसके बावजूद भी वे लगातार धमकियां देते रहे कि मकान पर कब्जा कर लेंगे और झूठे मुकदमों में फंसा देंगे। पीड़ित और उसके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच के दौरान आरोपियों आशाराम एवं प्रभूलाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से पीड़ित के दिए गए चेक, स्टाम्प और अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 6 मई तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और सूदखोरी के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस का बड़ा एक्शन, ट्रेलर-डम्पर सहित 5 वाहन जब्त

### 5 आरोपी गिरफ्तार, दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई


**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**सांवर वैष्णव ।** अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को जब्त किया और 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बडलियास थाना पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने थानाधिकारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया की 21 अप्रैल को रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि



आमां की ओर से एक ट्रेलर और एक टिपर डम्पर अवैध बजरी भरकर आ रहे हैं, जिन्हें एक स्कॉर्पियो वाहन एस्कोर्ट कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने जित्या चौराहे पर नाकाबंदी कर ट्रेलर, डम्पर और एस्कोर्ट कर रही स्कॉर्पियो को डिटेन कर थाना परिसर में खड़ा कराया। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है।



वही बुधवार सुबह करीब 9 बजे दूसरी कार्रवाई में ग्राम गेंदलिया और अमरतिया के बीच बनास नदी क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बजरी परिवहन कर रहे 2 ट्रैक्टर जब्त किए। इस संबंध में भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दोनों मामलों की सूचना खनिज विभाग को भी दे दी है और अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा, 5 वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हमीरगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बजरी और पत्थर के अवैध परिवहन में लगे वाहनों को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।

पुलिस द्वारा थानाधिकारी सुनिल कुमार बेडा के नेतृत्व में गठित टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देते हुए अवैध बजरी और पत्थर का परिवहन करते हुए 2 डम्पर और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। इनमें एक डम्पर पत्थर से भरा हुआ था, जबकि अन्य वाहन बजरी से लदे हुए थे।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध खनन से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जगदीश अहीर (24) निवासी समोडी थाना पुर, जिला भीलवाड़ा तथा प्रहलाद गुर्जर (36) निवासी देवदा थाना गंगरार, जिला चित्तौड़गढ़ शामिल हैं।पुलिस ने इस मामले में थाने पर तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं।

## कांग्रेस OBC जिला कार्यकारिणी घोषित, बिजौलिया से मालवीय ब्लॉक अध्यक्ष , जसवंत जिला महासचिव


जसवंत सिंह सोलंकी


संजय मालवीय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी ।** कांग्रेस OBC जिला कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है, जिसमें कस्बे से संजय कुमार मालवीय को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं जसवंत सिंह सोलंकी को जिला महासचिव और जमना लाल भाट (राणा जी का गुड्डा) को जिला सचिव बनाया गया है।

नियुक्तियों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रामलाल जाट, पूर्व प्रधान कैलाश मीणा, कांग्रेस नेता प्रद्युमन सिंह तथा ओबीसी जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत का आभार जताया।

इस अवसर पर शक्ति नारायण शर्मा, विजय तिवारी, कमलेश सेन, तूफान यादव, सत्य नारायण मेवाड़ा, हेमंत सिंह भदौरिया, शेखर वैष्णव, शिवलाल बलाई, संजय जैन, शुभम जैन, रामगोपाल भट्ट, सुरेश पुरोहित, बबलू मेवाड़ा और राकेश बंजारा सहित कई कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की।

# बिजोलिया डाकघर में शुरू हुई आधार सेवाएं

### लंबे समय से चल रही समस्या का समाधान, अब रोजाना तय समय पर होंगे कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर ।** क्षेत्र में आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए राहतभरी खबर है। लंबे समय से आधार सेवाएं प्रभावित रहने के बाद अब नगर के डाकघर में आधार संबंधी कार्य पुनः शुरू कर दिए गए हैं। बुधवार से सेवाओं का संचालन शुरू होने के साथ ही आमजन को बड़ी सुविधा मिली है।



प्रतीकात्मक इमेज

जानकारी के अनुसार, अब डाकघर में आधार कार्ड बनवाने, संशोधन कराने सहित अन्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। आधार सेवाएं सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित होंगी। यह सुविधा सोमवार से शनिवार तक जारी रहेगी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में पिछले काफी समय से आधार कार्ड को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नए आधार कार्ड बनवाने और पुराने में सुधार करवाने के लिए लोगों को अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। ऐसे में डाकघर में सेवाएं शुरू होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## बार काउंसिल चुनावः अधिवक्ताओं ने दिखाया उत्साह, 58 ने किया मतदान




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव के तहत बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई। मतदान के दौरान अधिवक्ताओं में खासा जोश देखने को मिला और दिनभर कोर्ट परिसर में चुनावी माहौल बना रहा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी रही। कुल 62 अधिवक्ताओं में से 58 ने बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वरीयता क्रम के आधार पर हुए इस मतदान में वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं की समान रूप से सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

राज्य स्तर पर इस चुनाव में कुल 234 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 23 का निर्वाचन किया जाएगा, जबकि 2 सदस्यों को मनोनीत किया जाएगा।

पूरी चुनाव प्रक्रिया एसडीएम अजीत सिंह राठौड़ की निगरानी में संपन्न हुई। मतदान केंद्र पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे समय शांति और अनुशासन बना रहा। मतदान अधिकारी एडवोकेट सुनील स्वर्णकार और जसवंत सिंह सोलंकी ने बताया कि मतदान पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति सामने नहीं आई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल, हाईवे पर लगा जाम

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** नेशनल हाईवे 758 पर ढ़ेलाणा चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दम्पति और उनके साथ मौजूद बच्चा सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दम्पति घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।

चौकी प्रभारी प्यार चंद खटीक ने बताया कि हादसा मंगलवार देर रात हुआ, जब खजीना निवासी भंवरलाल शर्मा अपनी पत्नी भंवरी देवी शर्मा और छोटे बच्चे के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे।



घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू करवाया।

घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां भंवरी देवी के पैर में गंभीर चोट होने पर उन्हें निजी अस्पताल में रेफर किया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## खेतों में भीषण आग, खाखला व पेड़-पौधे जलकर राख; पांच घंटे बाद पाया काबू

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत बलिया खेड़ा गांव में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से खेतों में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से खाखला, पेड़-पौधे, लकड़ियां सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

चौकी प्रभारी प्यार चंद खटीक ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे खेतों में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दो जेसीबी मशीनों तथा आसपास के करीब दस कुओं से पानी की मोटरें चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग फैलती गई।



स्थिति गंभीर होते देख दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिस पर भीलवाड़ा से पहुंची दमकल की गाड़ी ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग शाम करीब 4 बजे तक पूरी तरह नियंत्रित हो सकी।

आग की चपेट में आने से बालू गोदारा के खेत में रखा करीब तीन बीघा गेहूं का खाखला जल गया। इसके अलावा मांगीलाल जाट, बद्रीलाल दरमोटा, बद्रीलाल बलाई, भोना बलाई सहित एक दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में आग फैल गई, जिससे पेड़-पौधे, लकड़ियां, पाइप और तार जाली भी जलकर नष्ट हो गई।


फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कांग्रेस संगठन विस्तारः अशोक बने जिला महासचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग) द्वारा जिला स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसमें जिले में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में अशोक कुमार चाडा को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

चाडा लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।



## कोटड़ी चारभुजानाथ मंदिर में पुलिस चौकी का शुभारंभ, सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

मेवाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था धाम भगवान कोटड़ी चारभुजानाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंदिर परिसर के पास स्थायी पुलिस चौकी का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। चौकी शुरू होने से मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

मंदिर में हर अमावस्या पर लगने वाले विशाल मेले सहित वर्षभर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट और क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से पुलिस चौकी की मांग की जा रही थी, जिसे जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने स्वीकृति प्रदान की।




बुधवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में एडिशनल एसपी राजेश आर्य एवं वृताधिकारी सुरेश डाबरिया ने फीता काटकर पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। इस मौके पर थानाधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि चौकी शुरू होने से मंदिर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि चौकी के माध्यम से अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। साथ ही मेलों और आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इसके अलावा भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, ओम पालीवाल, धर्मचंद जीनगर, प्रह्लाद सेन, रामलाल गुर्जर, प्रकाश जोशी, घनश्याम पोरवाल, जीनू डागा, अनिल तिवाड़ी, चंपालाल तेली, श्यामसुंदर चेचानी, जमनालाल डिडवानिया, गोपाल सुवालका, सूर्या साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रायका बने जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के कल्याणपूरा निवासी किशन रायका को पशुपालक संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी, रायका को राष्ट्रीय पशुपालक संघ का भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, रायका लबें समय से संगठन के लिए जिले मे काम क़र रहे थे, राष्ट्रीय पशुपालक के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी रायका ने नियुक्ति दी, घोषणा के बाद भीलवाड़ा सहित मेवाड़ अंचल के पशुपालको मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी,



## नीलगाय अचानक सामने आने से कार पलटी, चालक बाल-बाल बचा

**भीलवाड़ा फोकस @ डाबी**

बरड़ क्षेत्र में बुधवार सुबह एक कार सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार डाबी निवासी गौरीशंकर प्रजापत अपने ससुराल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान कंवरपुरा के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। उसे बचाने के प्रयास में उन्होंने कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे में गौरीशंकर को हल्की चोटें आईं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया।





QUICK BITES

## पृथ्वी दिवस पर छात्रों का सम्मान, बोले विधायक- पेड़ बचेंगे तो भविष्य बचेगा

**वृक्षारोपण कर दिलाया संकल्प, पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।





**मूलचन्द पेसवानी**

विश्व पृथ्वी दिवस पर बुधवार को शाहपुरा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पहल देखने को मिली। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने अपने कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने क्षेत्र में वृक्षारोपण और पर्यावरण बचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किए हैं।

समारोह में विधायक ने विद्यार्थियों को मोमेंटो और दुपट्टा पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पर्यावरण के प्रति जिस तरह जागरूक होकर काम कर रही है, वह आने वाले समय के लिए उम्मीद जगाने वाला है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

डॉ. बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और लगातार कम हो रहे वन क्षेत्र के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। ये न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि जल स्तर बनाए रखने, तापमान नियंत्रित करने और जैव विविधता को सुरक्षित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। यदि अभी से प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना आसान है, लेकिन उन्हें पेड़ बनाना असली जिम्मेदारी है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने और इसे जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर भोजरास में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा ।




भारत विकास परिषद शाखा भोजरास द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सत्र 2026-27 की प्रथम साधारण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण तथा जीव-जंतुओं के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अशोक कुमार अजमेरा ने की। शाखा सचिव अशोक कुमार मानावत ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लेना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान शाखा के पांचों गतिविधि संयोजकों का चयन भी किया गया।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जल संवर्धन एवं पक्षियों के लिए परिंडे वितरण जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। साथ ही नए सदस्यों ने परिषद की सदस्यता भी ग्रहण की।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल टेलर, वरिष्ठ सदस्य दुर्गा प्रसाद मालपानी, कृष्णकांत, राजवीर सिंह, विष्णु शर्मा, बाबूलाल शर्मा, भेरूनाथ, दीपांशु, जयसिंह, दीपेश, बजरंग, घनश्याम सहित परिषद के सदस्य, मातृशक्ति एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए 51 परिंडे बांधकर वितरित किए गए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शाहपुरा की मिट्टी की महक अब पहुंचेगी सऊदी अरब, जीव दया सेवा समिति का अनूठा सेवा अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



भीषण गर्मी में जहां इंसान भी प्यास से व्याकुल हो उठता है, वहीं बेजुबान पक्षियों की पीड़ा को समझते हुए शाहपुरा की जीव दया सेवा समिति ने एक सराहनीय पहल की है। नूर बाग स्थित दरगाह परिसर से 'परिंडे लगाओ अभियान' की शुरुआत कर समिति ने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया है।

इस अभियान की खास बात यह रही कि शाहपुरा की मिट्टी से बने परिंडों की खुशबू अब देश की सीमाएं लांघकर सऊदी अरब तक पहुंचेगी। नूर बाग में जियारत करने आए अजमेर जिले के कायमपुरा निवासी तयब खां कायमखानी और अलीपुरा निवासी अलादीन खां कायमखानी ने जब इन परिंडों को देखा, तो वे भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि वे सऊदी अरब और अमीरात में निजी व्यवसाय करते हैं और वहां भी इस तरह की सेवा शुरू करना चाहते हैं, ताकि पक्षियों को राहत मिल सके।

समिति के संयोजक अतू खां कायमखानी ने उनकी भावना का सम्मान करते हुए दोनों जायरीनों को पांच निशुल्क परिंडे भेंट किए। इस दौरान जायरीनों के हाथों ही परिंडे लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया गया, जिससे यह सेवा कार्य और भी प्रेरणादायक बन गया।

कार्यक्रम में फरहान खां, आशिफ खां, एजाज खां, तुफैल, अरबाज खां, आफरीन खां, बिलाल खां, अदनान खां, दानिश खां सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे मानवता और जीव दया का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

संयोजक अतू खां कायमखानी ने इस अवसर पर कहा कि यदि किसी कार्य को सच्ची लगन और निष्ठा से किया जाए तो पूरी कायनात उसे सफल बनाने में लग जाती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में हर व्यक्ति अपने घर की छत, बालकनी या किसी छायादार स्थान पर एक परिंडा जरूर लगाए और उसमें प्रतिदिन पानी व दाना डाले, ताकि बेजुबान पक्षियों को जीवन मिल सके।

समिति के अनुसार यह अभियान केवल शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे ग्रामीण क्षेत्रों तक भी विस्तार दिया जाएगा। आने वाले दिनों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर इस सेवा कार्य को जन आंदोलन का रूप देने का लक्ष्य रखा गया है। शाहपुरा की इस छोटी सी पहल ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची सेवा की कोई सीमा नहीं होती। मिट्टी के परिंडों से उठी यह खुशबू अब विदेशों तक पहुंचेगी और मानवता का संदेश पूरी दुनिया में फैलाएगी।

# भीलवाड़ा देहात कांग्रेस ओबीसी विभाग की कार्यकारिणी घोषित

**जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत ने उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) में संगठन विस्तार को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी विभाग की नई जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। यह नियुक्तियां जिलाध्यक्ष रामलाल जाट की अनुशंसा पर संगठन महासचिव सागर मावर द्वारा अनुमोदित की गई हैं।

ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर रूपचन्द धाकड़, मोतीलाल जाट, शंकर सिंह राठौड़, शंकर लाल गुर्जर, प्रहलाद कुमावत, रतन गाडरी, मनोहर लाल अहीर, रामेश्वर लाल जाट, भैरूलाल कुमावत, भैरूलाल गुर्जर, लक्ष्मण जाट, राकेश लोहार एवं राणे खां सिंधी को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार महासचिव पद पर सुरेश वैष्णव, उदयलाल धाकड़, भागचंद जाट, रामपाल तेली, कालूराम बंजारा, बाबूलाल कुमावत, अशोक कुमार चाडा, देवकिशन गाडरी, पारसमल जाट, केशर लाल जाट, कैलाश चंद्र गुर्जर, सांवरलाल गाडरी, संजय सोनी एवं जसवंत सिंह सोलंकी को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर राजेन्द्र वैष्णव, रामलाल गुर्जर, अशोक कुमार टेलर, खेमराज माली, रविशंकर गिरी, रामरतन कुमावत, राकेश धातरवाल, हेमराज कुम्हार, अमरचंद गुर्जर, राजू जाट, सूरज सोनी, शिवराज कुमावत, फतेह लाल सेन एवं जमना लाल भाट को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न ब्लॉकों में अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं। करेडा में धर्माराम रायका, बनेड़ा में रामराज दरोगा, मांडलगढ़ में कमलेश कुमार गुर्जर, शाहपुरा में रामगोपाल सेन, हुरड़ा में धनश्याम माली, गंगापुर में मांगीलाल गाडरी, रायपुर में लादूलाल गुर्जर, बिजोलिया में संजय कुमार मालवीय, मांडल में लक्ष्मण कीर तथा आंसीद ब्लॉक में भंवरलाल गुर्जर को अध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष कुमावत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया है।

# मांडलगढ़ में जल जीवन मिशन की समीक्षा, केंद्रीय मंत्री ने वीसी के जरिए जानी जमीनी हकीकत

**घर-घर नल कनेक्शन, पाइपलाइन नेटवर्क और जलापूर्ति पर हुई विस्तृत चर्चा**

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



जल जीवन मिशन की प्रगति और पंचायत स्तर पर पेयजल व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर की चुनिंदा पंचायतों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान मांडलगढ़ क्षेत्र की पंचायत की पेयजल व्यवस्था भी चर्चा का प्रमुख केंद्र रही, जहां घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से वर्तमान पेयजल स्थिति, जलापूर्ति की नियमितता, पाइपलाइन नेटवर्क और आमजन को मिल रही सुविधाओं को लेकर विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ऑफशोर कंपनी द्वारा गांव की गलियों में पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही पशुआलयों तक भी पानी की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है।

केंद्रीय अधिकारियों ने योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए और कहा कि जिन क्षेत्रों में अब भी आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। मंत्री पाटिल ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है।

इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, उनकी टीम, क्षेत्रीय विधायक तथा चंबल योजना से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर लगातार किए गए प्रयासों के कारण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था मजबूत हुई है और ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

बैठक में अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद जाट, सहायक अभियंता प्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी भारत सिंह देवड़ा, अध्यापिका आरती जीनगर, पूर्व उपसरपंच हेमंत जोशी, आशीष कुमार जोशी, महेंद्र सिंह भाटी सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# महावीर युवक मंडल की बैठक सम्पन्न, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

**पुण्य स्मृति में गौसेवा कार्यक्रम और बीगोद में रक्तदान शिविर का होगा आयोजन**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान की बैठक शांति भवन स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। बैठक में आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

संस्थान के संरक्षक बाबूलाल सुरिया, अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं मंत्री हुकमीचंद खटोड़ ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को स्वर्गीय रिखब चंद कोठारी की पुण्य स्मृति में कायन हाउस में गौसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।

इसी क्रम में 28 अप्रैल को साध्वी यशकंवर म.सा. के 11वें पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर श्री यश पावन तीर्थ में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क बी.पी. व शुगर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

संस्थान के सदस्य मनीष बम्ब ने बताया कि रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। शिविर संयोजक के रूप में अंशु लोढ़ा, रोहित सामर, सुमित रांका, जितेश चपलोत एवं विनय पनारिया को नियुक्त किया गया है।

# स्मार्ट गर्ल वर्कशॉप से सशक्त बनीं ग्रामीण बेटियां

## आत्मरक्षा, निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास पर मिला विशेष प्रशिक्षण





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के कोटड़ी उपखंड के सवाईपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारतीय जैन संगठन भीलवाड़ा चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'स्मार्ट गर्ल वर्कशॉप' का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यशाला में विद्यालय की छात्राओं ने आत्मरक्षा, सही निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखे।

समापन अवसर पर संस्था प्रधान डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए मेहनत और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया।

पुणे स्थित हेड ऑफिस के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में राजस्थान स्मार्ट गर्ल हेड धीरेंद्र मेहता एवं सहायक हेड मधु लोढ़ा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आज की बेटियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और सही निर्णय लेने की समझ भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि सशक्त बेटियां ही सशक्त समाज का निर्माण करती हैं और ऐसी पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में वूमेन पॉवर सोसायटी एंड फाउंडेशन के बालिका शिक्षा विंग तथा ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ का भी सहयोग रहा।

वर्कशॉप के दौरान ट्रेनर रजनी डोसी एवं मधु बिरानी ने छात्राओं को जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। दूसरे दिन आत्मरक्षा, आत्मसम्मान, सही चयन एवं निर्णय क्षमता, मित्रता और प्रलोभनों से बचाव जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

समापन सत्र में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इन दो दिनों में उन्होंने खुद को समझने और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सीख हासिल की है। कार्यक्रम की समन्वयक सुनीता साहू ने आभार व्यक्त किया।

अंत में संस्था प्रधान डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने उदयपुर से आए अतिथियों धीरेंद्र मेहता, मधु लोढ़ा, रजनी डोसी एवं मधु बिरानी सहित सभी सहयोगियों का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं दीपिका वैष्णव, अपर्णा सैनी, विनोद राठौड़, अंजलि शर्मा, अशोक पोरवाल, सत्यप्रकाश भारद्वाज, रेखा शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मातृकुंडिया के लिए रोडवेज सेवा ठप, श्रद्धालुओं में रोष

## धार्मिक और पर्यटन स्थल तक पहुंचना हुआ मुश्किल, प्रशासन से बहाली की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मेवाड़ के हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध मातृकुंडिया इन दिनों परिवहन सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। इस प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तक रोडवेज बसों की कनेक्टिविटी पूरी तरह ठप हो जाने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में रोष बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय निवासी पंकज सेन (आरणी) ने बताया कि पहले इस मार्ग पर महत्वपूर्ण रोडवेज बसें नियमित रूप से संचालित होती थीं। आरणी से उदयपुर और चित्तौड़गढ़ से पाली वाया मातृकुंडिया चलने वाली बसें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। इसके चलते आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, वहीं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को निजी वाहनों या महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। मातृकुंडिया न केवल आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण स्थल है। यहां स्थित 52 गेटों वाले बांध का दृश्य देखने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन परिवहन व्यवस्था ठप होने से पर्यटन गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन इस समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है। क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि मातृकुंडिया के धार्मिक और पर्यटन महत्व को देखते हुए बंद पड़ी रोडवेज बस सेवाओं को शीघ्र बहाल किया जाए।

# अरनिया घोड़ा में विकास की नई राह, विधायक बैरवा ने किया करोड़ों के कार्यों का शिलान्यास

## सड़क और शिक्षा से बदलेगा गांव का स्वरूप, डीएमएफटी योजना से मिलेगी गति

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**





ग्राम पंचायत अरनिया घोड़ा में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) योजना के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों का विधिवत शिलान्यास शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बन गया।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई लकीर खींची जा रही है।

उन्होंने बताया कि अरनिया घोड़ा क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और गांव के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से संपर्क सड़क के चैड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से आवागमन सुगम होगा, वहीं विद्यालय में नए कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

इस अवसर पर जिन प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया गया, उनमें देवनारायण मंदिर (अरनिया घोड़ा) तक संपर्क सड़क का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है, जिसकी स्वीकृत राशि 60 लाख रुपये है। इसके अलावा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सरदारपुरा में दो कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए 20.26 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के नागरिकों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से गांव की तस्वीर बदलेगी और आने वाले समय में क्षेत्र प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की जांच

## पीएचसी प्रभारी ने दिए निर्देश गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र बाकरा का बुधवार को औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया गया। टीटोडा जागीर पीएचसी प्रभारी मयंक झवर ने केंद्र पहुंचकर साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को मिल रही सुविधाएं तथा रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी ने स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने टीकाकरण कार्यों में तेजी लाने, जनस्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा रिकॉर्ड को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रभारी ने एचपीवी टीकाकरण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। निरीक्षण के समय सीएचओ अनिता गुर्जर एवं एएनएम निर्मला मीणा मौजूद रहीं, जिन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पीएचसी प्रभारी मयंक झवर ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

QUICK BITES

## टांकावास में आम रास्ते पर विवाद, ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने की उठाई मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**



**(दिलखुश)** उपखंड क्षेत्र के ग्राम टांकावास में आम रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने बुधवार को सावर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि टांकावास राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सरकारी रास्ते को कुछ लोगों द्वारा अवरुद्ध किया जा रहा है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है।

ज्ञापन के अनुसार, राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्थित खेतों में जाने के लिए उपयोग में आने वाला रास्ता गैर मुमकिन रास्ता के रूप में दर्ज है। 22 अप्रैल को राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान (नाप-चौप) भी किया गया, जिसमें रास्ते की स्थिति स्पष्ट हो गई।

ग्रामीणों का कहना है कि सीमाज्ञान के बाद भी कुछ लोगों द्वारा रास्ते को बंद किया जा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौच और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं।

इस कारण ग्रामीणों को खेतों में आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिस जाप्ता की मौजूदगी में रास्ते को खुलवाया जाए और अवरोध हटाकर आमजन को राहत प्रदान की जाए। इस दौरान सत्यनारायण, मोहन,रामदेव, देवीलाल, धर्मेंद्र लोधा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सुभाषनगर वार्ड 64 स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के पास समाजसेवी हेमेन्द्र सिंह मेहता ने बच्चों के साथ मिलकर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए और उनमें पानी भरकर सराहनीय पहल की। बढ़ती गर्मी और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किए गए इस कार्य से पक्षियों को राहत मिल रही है।

इस दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिंडों में पानी डाला और पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया।

इस अभियान में यश, सौरभ, पीयूष, आर्यन, हिमांशु, घनराज, पीयूष, धनश्याम सहित कई बच्चे शामिल रहे।

## सामाजिक अंकेक्षण संपन्न, योजनाओं की हुई पारदर्शी समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**



ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में चल रहे सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बाकरा में द्वितीय चरण का सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रशासक निशा देवी मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया।

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। विशेष रूप से मनरेगा के कार्यों और शौचालय निर्माण से संबंधित योजनाओं का ग्राम सभा में खुले रूप से सत्यापन किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखना और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस दौरान ग्रामीणों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

कार्यक्रम में उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, कनिष्ठ लिपिक कांता मीना, अनीता गुर्जर, निर्मला मीणा, रघुनाथ गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गुवारडी बांध पर दिखा मगरमच्छ, दहशत का माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़ ।**



**(अनिल डांगी)।** क्षेत्र के गुवारडी बांध पर मगरमच्छ दिखाई देने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी मिली, आसपास के ग्रामीणों में डर फैल गया और लोग सतर्क हो गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई वर्षों में पहली बार यहां मगरमच्छ देखा है। इससे पहले इस क्षेत्र में कभी ऐसा दृश्य सामने नहीं आया था। अचानक मगरमच्छ के दिखाई देने से लोगों में चिंता बढ़ गई है, खासकर उन लोगों में जो रोजमर्रा के काम के लिए बांध के आसपास आते-जाते हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में जल्द कदम उठाने की मांग की है, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।